उत्तर प्रदेश सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



# नगर की खबर

नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश



@nagarvikasup/ @SBMUrbanUp

अंक : दिसंबर 2022



**श्री ए० के० शर्मा**
मानननीय नगर विकास मंत्री

उत्तर प्रदेश को स्वच्छ एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए नगर विकास विभाग निरंतर प्रयासरत है। विभाग द्वारा चलाए गए 'प्रतिबद्ध', 'नगर सेवा पखवाड़ा' एवं 'नगर सुशोभन' जैसे अभियान नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सफल रहे हैं। इस कार्य में पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने वाले हजारों सफाई मित्रों का बहुत-बहुत धन्यवाद। 'प्रतिबद्ध' अभियान के तहत हजारों की संख्या में कूड़े के ढेरों को खत्म कर उन स्थानों का सौंदर्यीकरण किया गया। अब उन स्थानों पर विकसित किए गए सेल्फी प्वाइंट, पार्क-बगीचा एवं 'नेकी की दीवार' इत्यादि जन उपयोगी साबित हो रहे हैं। जन सहभागिता से हमें एक सुनहरा उत्तर प्रदेश बनाना है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नगर विकास विभाग मूलभूत नगरीय सुविधाओं की जन-जन तक उपलब्धता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



**श्री अमृत अभिजात**
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश को स्वच्छ एवं समृद्ध प्रदेश बनाने के लिए नगर विकास विभाग प्रतिबद्ध है। नगरीय क्षेत्रों में जन सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। प्रदेश के आमजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सफलता के बाद अब कचरे के समुचित निस्तारण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। जीवीपी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान इस दिशा में किया गया छोटा सा प्रयास है। हमें उत्तर प्रदेश को कचरा मुक्त बनाना है।

## निदेशक की कलम से...



**श्रीमती नेहा शर्मा**
निदेशक, स्थानीय निकाय

नगरीय जन-जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए नगर विकास विभाग पूरी तरह तत्पर है। नगरीय सुविधाओं में बहुत सुधार हुआ है लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के दिशा-निर्देशन में हम प्रदेश के नगरों को साफ, स्वच्छ एवं उन्नत बनाने के लक्ष्य की ओर सफलता के साथ अग्रसर हैं। 'प्रतिबद्ध' 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान से एक ओर जहां प्रदेश भर में हजारों की संख्या में वर्षों से जमे कचरे के ढेर (गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट) जीवीपी को पूर्णतः विलोपित कर साफ एवं स्वच्छ स्थान में परिवर्तित किया गया। जगह-जगह नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी कराया गया।

# 'प्रतिबद्ध': 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय

नगरीय क्षेत्र को सुदंर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से प्रतिबद्ध : 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान शुरू किया गया। इसकी शुरुआत 1 दिसंबर 2022 को लखनऊ के हुसैनगंज स्थित गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट (जीवीपी) को नगर निगम लखनऊ द्वारा पूर्णत: विलोपित कर स्वच्छ एवं सुंदर स्थान में परिवर्तित किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी द्वारा प्रतिभाग कर की गई। 75 घंटे के इस अभियान को लेकर माननीय मंत्री जी की निरंतर सक्रियता के चलते यह अभियान अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सका। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में 3100 गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट (जीवीपी) को पूर्णत: विलोपित करते हुए स्वच्छ स्थान में परिवर्तित किया गया। अभियान में छोटे-बड़े 5903 वाहन 29970 मैन पावर का प्रयोग करते हुए 1710621 केजी गीला कूड़ा, 2190081 केजी सूखा कूड़ा तथा 1453949 केजी सीएंडडी वेस्ट को अलग कर वैज्ञानिक रूप से निस्तारित किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में एक ओर जहां स्थानीय स्तर पर 15124 जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई वहीं 829603 आमजनों ने भी जनभागीदारी का दायित्व निभाया।









# 'नगर सुशोभन अभियान'

अनवरत चल रहे सफाई कार्यों को स्थायी व टिकाऊ बनाने तथा नगरीय जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के दिशा निर्देशन में 5-12 दिसंबर के बीच 'नगर सुशोभन अभियान' चलाया गया। इसके तहत साफ एवं स्वच्छ बनाए गए स्थलों पर निरंतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए वहां पर पौधरोपण, पेंटिंग, पार्क-बगीचा, सेल्फी प्वाइंट व बच्चों के खेलने के स्थान इत्यादि के रूप में विकसित किया गया। इसी तरह स्वच्छ किए गए तमाम स्थानों पर जरूरतमंदों की मदद के लिए 'नेकी की दीवार' के रूप में भी विकसित किया गया। कभी गंदगी से पटे रहने वाले यह स्थान अब गरीब-जरूरतमंदों के लिए बड़ा 'सहारा' बन रहे हैं। जनभागीदारी से यह स्थान अब स्वच्छता व मानवता के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हो रहे हैं।








# 'नगर सेवा पखवाड़ा'



नगरीय निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं आमजन तक निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराने के लिए 1 नवंबर को माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने 15 दिवसीय 'नगर सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया। इसके तहत सभी निकायों में साफ-सफाई, स्वच्छ जलापूर्ति, डेंगू से बचाव एवं संचारी रोगों के रोकथाम हेतु कीटनाशकों का छिड़काव इत्यादि का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं जलजमाव जैसी समस्याओं के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान सभी नामित नोडल अधिकारियों द्वारा विभिन्न जनपदों एवं उससे संबंधित निकायों में भ्रमण कर आम जनता को होने वाली परेशानियों की हकीकत जानी गई एवं विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। 15 दिन के लिए शुरू किए गए 'नगर सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इसे बढ़ाकर पूरे नवंबर माह चलाया गया।

# बाल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के दिशा-निर्देशन में 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों में वृहद स्तर पर स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, स्रोत पृथक्करण आदि से रूबरू कराया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैलियां भी निकाली गईं। स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा बच्चों को डेंगू से बचाव, कूड़ा पृथक्करण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूक किया गया।

# विश्व शौचालय दिवस




आमजन को स्वच्छता, सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजन को स्वच्छता एवं खुले में शौच नहीं करने हेतु जागरूक किया गया। नगरीय निकायों में जागरूकता रैली समेत तमाम आयोजनों के जरिए लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया। इस अवसर पर निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय श्रीमती नेहा शर्मा जी द्वारा लखनऊ जीपीओ स्थित स्मार्ट टॉयलेट का निरीक्षण भी किया गया।

## नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

Website : http//localbodies.up.nic.in

Toll Free No.: 1800 1800 101